अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**05 OCT. 2023**

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

**8476067777, 8394040777**

**1. 4-10 अक्टूबर तक विश्व अंतरिक्ष सप्ताह आयोजित किया जाता है**




- अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति का जश्न मनाने के लिए कई संगठनों द्वारा प्रतिवर्ष 4-10 अक्टूबर तक विश्व अंतरिक्ष सप्ताह आयोजित किया जाता है।
- WSW 2023 का विषय 'स्पेस एंड एन्त्रेप्रेंयूर्शिप' है।
- वर्ल्ड स्पेस वीक एसोसिएशन (WSWA) सिएरा नेवादा कॉर्पोरेशन, लॉकहीड मार्टिन कॉर्पोरेशन और एयरबस सहित प्रायोजकों द्वारा समर्थित इन वैश्विक कार्यक्रमों का आयोजन और प्रचार करता है।

**2. केमिस्ट्री के क्षेत्र में नोबेल पुरुस्कार 3 वैज्ञानिकों को दिया गया है**



कैरोलिन बेट्रोजी  मोर्टन मेल्डेल  बेरी शार्पलेस

- बावेंडी - ब्रुस और एलेक्सी को केमिस्ट्री का नोबेल : क्वांटम डॉट्स खोजे, इससे मोबाइल - TV स्क्रीन को मिलती है लाइट; सर्जन आसानी से देख पाएंगे ट्यूमर टिश्यू
- केमिस्ट्री में 2023 का नोबेल प्राइज माउंगी बावेंडी, लुइस ब्रुस, एलेक्सी एकिमोव को मिला है।
- ये तीनों अमेरिकी मूल के केमिस्ट हैं। इन्हें क्वांटम डॉट्स की खोज और इसके डेवलपमेंट के लिए ये सम्मान मिला है।
- क्वांटम डॉट्स ऐसे नैनोपार्टिकल्स हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उनका आकार उनके गुणों को निर्धारित करता है।

**3. Asian games 2023 में नीरज चोपड़ा ने भला फेंक में स्वर्ण पदक जीता**




- भारत ने 19वें एशियन गेम्स के 11 वें दिन बुधवार को तीन गोल्ड जीते हैं। वर्ल्ड एंड ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद भारतीय टीम मेंस 4x400 मीटर रिले रेस में अव्वल रही।
- इस इवेंट की खास बात यह रही कि सिल्वर मेडल भी भारत की झोली में आया। भारत के किशोर कुमार दूसरे नंबर पर रहे।
- इससे पहले, आर्चरी मिक्स्ड टीम ने दिन का पहला गोल्ड दिलाया।
- तीसरा गोल्ड 4x400 रिले मेंस में भारत को मिला।

एशियन गेम्स 1951 से खेले जा रहे हैं। **हम आपको एशियन गेम्स के बारे में बता रहे हैं।**

- एशियन गेम्स 1951 में नई दिल्ली में पहली बार खेले गए। मल्टी स्पोर्ट इवेंट में एशिया महाद्वीप केदेश हिस्सा लेते हैं।
- ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) इन्हें आयोजित करवाती है।
- गेम्स हर 4 साल में एक बार होते हैं।
- एथलीट्स और देशों के पार्टिसिपेशन के हिसाब से एशियन गेम्स ओलिंपिक्स के बाद सबसे बड़ा टूर्नामेंट है।
- एशियन गेम्स में ओलिंपिक और नॉन-ओलिंपिक दोनों कैटेगरी के गेम्स होते हैं।
- कबड्डी, वुशु, मार्शल आर्ट्स, ताइक्वांडो और जुडो जैसे ट्रेडिशनल एशियन स्पोर्ट्स भी गेम्स में होते हैं।

**4. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एयरफोर्स का पहला ट्विन सीटर तेजस एयरक्राफ्ट निर्मित किया**



FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra
(Mob.:8476067777, 8394040777)

- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने बुधवार को इंडियन एयर फोर्स को पहला ट्विन सीटर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) तेजस सौंप दिया।
- यह ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह वजन में हल्का और हर मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है।
- भारतीय वायु सेना ने HAL को 18 ट्विन सीटर विमान का ऑर्डर दिया है। इनमें से 8 अगले साल तक दे दिए जाएंगे।
- बचे हुए 10 विमान 2026-27 तक मिलेंगे।

**5. 50वां भारत अंतर्राष्ट्रीय बुनाई मेला 12 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा**




- 50वां भारत अंतर्राष्ट्रीय निट मेला 12 से 14 अक्टूबर तक तमिलनाडु के तिरुपुर में इंडिया निट फेयर एसोसिएशन कॉम्प्लेक्स (IKFA) में आयोजित किया जाएगा।
- मेले का मुख्य विषय एक्टिव एंड स्पोर्ट्सवियर, पर्यावरणीय सामाजिक प्रशासन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटलीकरण है।
- मेले में तिरुपुर, चेन्नई, कोयंबटूर, करूर और गुजरात के सत्तर प्रदर्शक भाग लेंगे।

**6. बिहार सरकार ने न्यायिक सेवाओं में EWS के लिए 10% आरक्षण की घोषणा की**




- बिहार सरकार ने न्यायिक सेवाओं और राज्य संचालित लॉ कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण की घोषणा की।
- यह घोषणा सरकार द्वारा राज्य के जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों का पहला सेट जारी करने के ठीक एक दिन बाद आई।•
- CM नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया।

**7. ICC ने ODI विश्व कप के लिए सचिन तेंदुलकर को 'वैश्विक राजदूत' नियुक्त किया**



- ICC ने महान सचिन तेंदुलकर को पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए 'वैश्विक राजदूत' नामित किया।
- तेंदुलकर, जिनके पास अपने करियर में छह 50 ओवर के विश्व कप में भाग लेने का उल्लेखनीय रिकॉर्ड है, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच उद्घाटन मैच से पहले विश्व कप ट्रॉफी के साथ बाहर निकलेंगे।
- 1987 में बॉल बॉय बनने से लेकर 2011 में विश्व . कप जीतने तक।

**8. लिएंडर पेस अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामांकित होने वाले पहले एशियाई व्यक्ति बने**




- हाल ही मे भारत के दिग्गज खिलाड़ी और कई ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के विजेता "लिएंडर पेस" अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामित होने वाले एशिया के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।
- पचास वर्षीय लिएंडर पेस उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 2024 के लिए नामांकित किया गया है।
- खिलाड़ी श्रेणी में उनके अलावा कारा ब्लैक, एना इवानोविच, कार्लोस मोया, डैनियल नेस्टर और फ्लाविया पेनेटा को नामित किया गया है।

**9. फिनटेक स्टार्टअप स्लाइस को नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक में विलय के लिए आरबीआई ने मंजूरी दी**




- 
- फिनटेक स्टार्टअप स्लाइस (Slice) को नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ विलय को आरबीआई ने मंज़ूरी दे दी है. बेंगलुरु स्थित स्लाइस का मूल्यांकन पिछले साल लगभग 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर आंका गया था.
- स्लाइस के संस्थापक और सीईओ राजन बजाज ने कहा कि हम इसे एक अवसर के रूप में देखते है.
- स्लाइस स्टार्टअप की शुरुआत वर्ष 2016 में की गयी थी.

**10. एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड क्रॉस बॉर्डर लेन-देन के लिए अल एतिहाद पेमेंट्स के साथ समझौता करेगी**

NPCI INTERNATIONAL

- 
- नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने क्रॉस बॉर्डर लेन-देन की सुविधा के लिए अल एतिहाद पेमेंट्स (Al Etihad Payments) के साथ एक समझौता करने जा रही है.
- भारत के रुपे डेबिट और क्रेडिट कार्ड स्टैक के आधार पर यूएई की डोमेस्टिक कार्ड सर्विस के विकास के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे.
- इस समझौते पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए जाएंगे.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **साल 2023 में विश्व अंतरिक्ष सप्ताह कब मनाया जा रहा है?**
(a) 3-9 अक्टूबर
(b) 7-10 अक्टूबर
(c) 8-11 अक्टूबर
(d) 4-10 अक्टूबर

2. **केमिस्ट्री के क्षेत्र में नोबेल पुरुस्कार कितने वैज्ञानिकों को दिया गया है?**
(a) 3
(b) 4
(c) 2
(d) 1

3. **Asian games 2023 में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में कौनसा पदक जीता है?**
(a) स्वर्ण
(b) रजत
(c) कांस्य
(d) इनमे से कोई नही

4. **एयरफोर्स का पहला ट्विन सीटर तेजस एयरक्राफ्ट किसने निर्मित किया है?**
(a) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
(b) एयरनेट्ज़ एविएशन प्राइवेट लिमिटेड
(c) अरून एविएशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
(d) भारत डायनामिक्स लिमिटेड

5. **50वां भारत अंतर्राष्ट्रीय बुनाई मेला 12 से 14 अक्टूबर तक कहाँ आयोजित किया जाएगा ?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) तमिलनाडु
(c) गुजरात
(d) केरल

6. **बिहार सरकार ने न्यायिक सेवाओं में EWS में कितने प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है**
(a) 8%
(b) 9%
(c) 10%
(d) 11%

7. **आईसीसी ने किस क्रिकेट लेजेंड को वनडे विश्व कप 2023 का ग्लोबल एंबेसडर बनाया है?**
(a) कपिल देव
(b) सचिन तेंदुलकर
(c) ब्रायन लारा
(d) महेंद्र सिंह धोनी

8. **हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम के लिए नामांकित होने वाले पहले एशियाई व्यक्ति कौन बने हैं ?**
(a) राफेल नडाल
(b) लिएंडर पेस
(c) रोजर फेडरर
(d) इनमें से कोई नहीं

9. **फिनटेक स्टार्टअप स्लाइस को किस बैंक में विलय के लिए आरबीआई ने मंज़ूरी दी है?**
(a) उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक
(b) यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया
(c) नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक
(d) बंधन बैंक

10. **एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड क्रॉस बॉर्डर लेन-देन के लिए किसके साथ समझौता करेगी?**
(a) अल बशर पेमेंट्स
(b) अल एतिहाद पेमेंट्स
(c) अबू धाबी बैंक
(d) सिंगापुर बैंक

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (a) | (a) | (a) | (b) | (c) | (b) | (b) | (c) | (b) |